# मेरिट आधार पर प्रवेश को लेकर कॉलेज में हंगामा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। भिलाई-3 शासकीय कालेज में भर्ती प्रक्रिया को लेकर हंगामा की स्थिति निर्मित हो गई है। परिजनों ने कालेज पहुंचकर प्रक्रिया का विरोध जताया। प्राचार्य के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। परिजनों का आरोप था कि वर्तमान भर्ती प्रक्रिया से निजी कालेजों को लाभ पहुंचेगा। डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर कालेज भिलाई-3 में नए शैक्षणिक सत्र के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है।

यह क्षेत्र ग्रामीण अंचल से जुड़े होने व अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने की मंशा से पूर्व में इस कालेज में प्रवेश प्रक्रिया में शिथिलीकरण किया गया था। जिसके तहत छात्र-छात्राओं का प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाता था। जिससे कालेज की बीए, बीकॉम, बीएससी व स्नातकोत्तर आदि की कक्षाओं में कुल प्रवेश का आकंड़ा 7 सौ से भी ऊपर पहुंच जाता था। छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जनभागीदारी समिति के प्रयासों से अतिरिक्त भवन व दीगर संसाधनों की व्यवस्था भी उस लिहाज से की गई।

बीते शैक्षणिक सत्र से इस कालेज में प्रवेश

**भिलाई-तीन में प्रवेश प्रक्रिया शिथिल करने की गई मांग**

की प्रक्रिया प्राप्त आवेदनों में मेरिट अंक के आधार पर कर दी गई है। नियम शिथिल न किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र व गरीब वर्ग के बच्चों जिनका अंक कम था, प्रवेश से वंचित रह गए। इस बार भी यहीं प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिसे लेकर असंतोष उभर आया। कालेज के जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक व अन्य लोग कालेज पहुंचने। प्राचार्य जी एल गंगवानी से उन्होंने कहा कि मेरिट आधार पर भर्ती प्रक्रिया से भिलाई-3 व आसपास के छात्र-छात्राएं इस कालेज में प्रवेश से वंचित रह जाएंगे। बीए, बीकाम की सीट पहले से घटा दी गई है, वहीं कुल दर्ज संख्या भी घटी है। पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने एतराज जताते हुए कहा कि सारे संसाधन होने के बावजूद सीटें घटाना अनुचित है। ऐसे में निजी कालेजों को लाभ होगा और भिलाई-3 में शासकीय कालेज होने का लाभ स्थानीय को नहीं मिल पाएगा। अभिभावकों के तीखे विरोध के बाद प्राचार्य श्री गंगवानी ने आश्वस्त कराया कि 14 अगस्त तक भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके अलावा एसटी-एससी सीटें रिक्त होने पर उसमें सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को मौका दिया जाएगा। चर्चा के दौरान शिवचरण अग्रवाल, प्रशांत अकांत, कैलाश यादव, संदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भिलाई नगर। छात्र संघर्ष मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने स्वास्थ्य अधिकारी निगम भिलाई को ज्ञापन सौंप सुलभ की पाईप लाईन सुधारने की मांग की है। श्री यादव ने बताया कि केम्प-1 वृंदानगर वार्ड 19 विवेकानंद शौचालय का आउटलेट सीधा नाली में मिला दिया गया है जो कि लिकेज होने से डायरिया जैसी खतरनाक बीमारी फैला सकता है। ऐसी स्थिति में जल्द से जल्द इस समस्या का निवारण किया जाए। अन्यथा निगम आयुक्त का पुतला दहन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### देवांगन समाज जुड़वास पूजा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। प्रगति नगर रिसाली में देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा नवनिर्मित परमेश्वरी मंदिर प्रागंण में माता जुड़वास पूजा एवं गुरू पूर्णिमा पर्व बड़े ही उत्साह से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के महिला एवं पुरूषों ने भजन कीर्तन व जसगीत प्रस्तुत किये। समिति के अध्यक्ष रामानंद देवांगन ने बताया कि समाज के महिला व पुरूषों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। यह कार्यक्रम देवांगन परिजनों एवं नगरवासियों की सुख शांति के लिए किया गया। दोपहर पश्चात गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया। जिसमें व्यास पूजन गुरू पूजन भगवान ब्रम्हा, विष्णु, महेश तथा शिव पूजन संपन्न हुआ।

### जनशक्ति यूनियन ने दी चेतावनी

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। फैरो स्क्रैप जनशक्ति वर्कर्स यूनियन की बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 से 20 जुलाई की आयोजित बैठक में श्रमिकों के वेतन का पुन निर्धारण किया गया जो कि दुर्भाग्य जनक है, इसके विरोध में 11 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल की जायेगी। प्रबंधन यूनियन को मान्यता नहीं देता व स्थानान्तरित पदाधिकारियों को वापस भिलाई नहीं लाती है तो समस्त कर्मचारी व उनके परिवार अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर चले जाएंगे और किसी भी अप्रिय घटना का जिम्मेदार प्रबंधन ही होगा।

### मनमाने किराया वसूली पर अब लगेगी रोक

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। मैत्री गार्डन पहुंचने वाले पर्यटकों से स्टैंड वाले मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं। इस तरह की शिकायत लगातार पिछले कुछ दिनों से आ रही है। मैत्री गार्डन में वाहनों के किराया के संबंध में निर्देश स्टैड के भीतर ही दिए हुए हैं, इसके बाद भी बड़े वाहन वालों से बेजा वसूली किए जाने की शिकायत आ रही हैं। दरअसल अधिक से अधिक पर्यटक यहां पहुंच सके, इसके लिए वाहनों का किराया यहां कम रखा गया है, इसके बाद भी किराया अधिक वसूले जाने की बात यहां पहुंचने वाले लोग कह रहे हैं। सायकल के लिए केवल 1 रूपए, मोटर सायकल का 2 रूपए, कार का 3 रूपए व बस 10 रूपए लिया जाना है। यहां आने वाले लोगों को कहना है कि खासकर रविवार के दिन भीड़ में अधिक किराया मांगा जाता है। इस मामले में गार्डन प्रबंधन ने पहले ही कहा है कि किराया जितना स्टैण्ड में अंकित है उतना ही दिया जाए। पर्यटक इससे अधिक भाड़ा न भुगतान करें।

### मामूली विवाद पर युवक की पिटाई

**दुर्ग,** 29जुलाई। पोलसायपारा में कल मामूली विवाद पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक पोलसायपारा स्थित ढिल्लन नर्सिंग होम के पीछे में एक विवादित शासकीय जमीन हैं। उक्त जमीन पर आरोपी शक्तिकुमार साहू कचरा डाल रहा था, जिसे शिवेश सिंह ने मना किया। इस बात को लेकर दोनों के बीच मामूली विवाद भी हुआ। वाद विवाद को सुनकर शिवेश की मां और ड्राइवर संतोष साहू भी समझाइश देने मौके पर पहुंचे। जिससे आक्रोश में आकर आरोपी शक्तिकुमार साहू ने ड्रायवर संतोष साहू की पिटाई कर दी। संतोष को मामूली चोंटे आई हैं। शिवेश ने कोतवाली थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### कलेक्टर ने रोपे माइंस क्षेत्र में पौधे

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली लाने पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में ग्राम नंदनी खुंदनी, पथरिया व सहगांव क्षेत्रों में पौधरोपण किया गया। कलेक्टर ठाकुर राम सिंह के निर्देश एवं एसडीएम क्यूएच खान के निर्देशन में इन क्षेत्रों में 1 हजार औषधि एवं फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर ठाकुर राम सिंह ने ग्राम पंचायत नंदनी खुंदनी के अतंर्गत आने वाले क्रशर एवं माइंस क्षेत्रों में पौधरोपण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने प्राचीन परंपरा में वृक्षों व पौधों का महत्व बताया। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से इन पौधों की देखभाल करने अपील की। कलेक्टर ने पशु पालन एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया। उन्होंने मातहत अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के मंशा अनुरूप हरितमा लाने बंजर भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम को बढ़ावा दें।

# पीलिया व डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। लाल बहादुर शास्त्री सरकारी अस्पताल में इन दिनों सबसे अधिक कै-दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं। पीलिया के मरीजों के पहुंचने का सिलसिला भी नहीं थमा है।

चिकित्सकों की माने तो गंदगी और गंदा पानी इसके लिए एक मुख्य वजह होती है। क्षेत्र में हालात को देखते हुए नगर निगम शिविर लगाने के लिए दिन व तारीख तय कर रहा है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में कांट्रैक्टर कालोनी से पहुंचे उत्तम राव को भर्ती किया गया है, उसे उल्टी की शिकायत है। कांट्रेक्टर कालोनी की उत्तरा भी दस्त की वजह से भर्ती है। एकता नगर वार्ड-6 की 7 वर्ष की प्रीति भी उल्टी-दस्त से पीड़ित है उसे भी अस्पताल में दाखिल किया गया है। सरकारी अस्पताल में आज अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़ अधिक थी। सेक्टर-2 के निखिल तिवारी को शनिवार से यहां भर्ती किया गया, उसे पीलिया की शिकायत है। इसी तरह सेक्टर-2 की निर्मला आहूजा को भी पीलिया की शिकायत है उन्हें आज दाखिल किया गया है। सेक्टर-2 के पूर्व पार्षद देवेन्द्र यादव ने कहा कि उनके वार्ड में पानी साफ नहीं आने की शिकायत लंबे वक्त से बनी हुई है, उसे दूर करने की जरूरत है। इसकी वजह से यहां पीलिया ने पैर पसारा है।

चिकित्सक डॉ गोपीनाथ की माने तो बारिश के दिनों में घरों के भीतर सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। भोजन ताजा बना कर ही उपयोग करना चाहिए। इसके साथ-साथ पानी उबालकर पीने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है।

### रैगिंग के नाम पर सपनों का गला मत घोटें : जैन

**राजनांदगांव,** 29 जुलाई। रैगिंग एक बुराई ही नहीं, अभिशाप और सभ्य कहे जाने वाले समाज के समक्ष गंभीर चुनौती है। रीडर्स क्लब ने विद्यार्थियों का आव्हान करते कहा कि पढने तथा भविष्य गढ़ने की अवस्था को रैगिंग की भेंट न चढ़ाए। सीखने के समय को किसी भी प्रकार के भय, धमकी या प्रताड़ना से मुक्त रखें। रीडर्स क्लब के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रकुमार जैन ने कहा कि बुनियादी कारणों की उपेक्षा और उसके कुपरिणाओं और खतरों को नजर अंदाज करने के अंतहीन सिलसिले की वजह से यह समस्या एक असाध्य बीमारी में तब्दील होती दिख रही है। उन्होंने कहा कि रैगिंग के दीवानों को समझना चाहिए कि यह मानवाधिकारों का हनन है, इससे शिक्षण संस्थानों का अनुशासन तो भंग होता है, उसकी प्रगति भी प्रभावित होती है।

# बदबू से परेशान महिलाओं ने सुलभ में जड़ा ताला

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। स्टील नगर वार्ड-19 में नवनिर्मित इंटरनेशनल सुलभ शौचालय में स्थानीय महिलाओं द्वारा ताला जड़ दिया गया। बाद में निगम अधिकारियों की समझाइश के बाद जैसे-तैसे महिलाओं ने प्रदर्शन रोका। ताला लगाने के बाद सभी महिलाएं नगर निगम पहुँची, वहां उनकी समस्याएं सुनने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि सुलभ का आउटलेट घरों के सामने नहीं खोला जाएगा। गौरतलब हो कि वृन्दानगर वार्ड-19 में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा हाल ही में नया सुलभ शौचालय तैयार किया है। इसका लोकार्पण मार्च 2010 को हुआ था।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि सुलभ के आउटलेट को घरों के सामने नाली में खोल दिया गया है जिससे बेहद बदबू आती रहती है। इस मामले को लेकर वे पहले पार्षद डॉ दिवाकर भारती के पास पहुंचे। पार्षद के साथ महिलाएं सुलभ पहुंची जहां उन्होंने ताला जड़ दिया। इसके बाद पार्षद ने लोगों से समस्या सुनी और उनको साथ लेकर नगर निगम का रूख किया। नगर निगम में यह सारे लोग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अशोक पहाड़िया के पास पहुंचे। पहाड़िया ने कहा कि शौचालय को कुछ वक्त के लिए बंद कर दो और आउटलेट का पाईप दूसरे स्थान तक लगा कर गंदगी को बाहर छोड़ने का प्रबंध किया जाए। कुछ घरों के सामने पेक वाला चेम्बर भी बनाना होगा, इस पर महिलाएं राजी हो गई हैं। पार्षद ने बताया कि इस मामले को लेकर उनकी महापौर श्री भसीन और संबंधित अधिकारी से चर्चा हो चुकी है। आउटलेट के पाईप को लगाने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इससे यहां फैल रही बदबू से लोगों को निजात मिलेगी। शिकायत करने नगर निगम पहुंचने वालों में डिलेश्वरी, सुशीला, उर्मिला, जमुना, जीधन लक्ष्मी, शांति समेत अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

### सावन मेला 2010 स्थगित

दुर्ग, 29 जुलाई। महापौर डॉ. शिव कुमार तमेर के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम दुर्ग के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा इस वर्ष सावन मेला 2010 का आयोजन 31 जुलाई को प्रारंभ किया जा रहा था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। सावन मेला कार्यक्रम अगस्त माह में ही किया जाना है, जिसकी आगामी तिथि जल्द घोषित कर दी जावेगी।

### सफेद मादा बाघ तापसी अस्वस्थ

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। भिलाई के मैत्रीबाग के चिड़ियाघर की शोभा रही मादा बाघ तापसी इन दिनों अस्वस्थ्य है।

यहां तरूण व तापसी नामक सफेद बाघ नर व मादा का जोड़ा 1996 में नंदन कानन भुवनेश्वर (उड़ीसा) से लाया गया था। इस जोड़े से तापसी ने मैत्री बाग, चिड़ियाघर में वंश वृद्धि कर अब तक कुल 10 सफेद शावकों को जन्म दिया। सफेद बाघों के कारण मैत्रीबाग चिड़िया घर की ख्याति इस अंचल में ही नहीं वरन दूसरे प्रदेशों में फैली। इनमें से सफेद बाघ बोकारो चिड़ियाघर को भी दिया गया है। दो वर्ष पूर्व तरूण (नर, सफेद बाघ) ने मादा तापसी का साथ छोड़ दिया। सफेद बाघ के जीन्स में रोग प्रतिरोधी क्षमता कम होने के कारण इनका जीवन काल 14 से 16 वर्ष का होता है, जबकि बंगाल बाघों की रोग प्रतिरोधी क्षमता अधिक होने के कारण इनका जीवनकाल 16 से 18 वर्ष तक होता है। सफेद बाघ तापसी अब वृद्धावस्था में पहुँच गई है, जिसके कारण वह बीमार है, उसकी विशेष देखभाल व हर संभव समुचित इलाज किया जा रहा है।

# चिकित्सकों ने गोद लिया नक्सल पीड़ित बच्चों को

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव,** 29 जुलाई। बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित बच्चों को राजनांदगांव में शिक्षा-दीक्षा के लिए लाया गया है। यहां के स्वयंसेवी एवं समाज सेवी संस्थाओं द्वारा इन बच्चों के पढ़ाई लिखाई के लिए हरसंभव मदद दी जा रही है। राजनांदगांव जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में इन बच्चों को प्रवेश दिलाया गया है। इसी तारतम्य में कल यहां के निजी चिकित्सकों ने इन बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए बीड़ा उठाया है।

कल स्थानीय कौरिनभाठा स्थित आदिवासी बालक छात्रावास में कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी की मौजूदगी में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा नक्सल प्रभावित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुखराज बाफना के निर्देशन में सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बच्चों के लिए स्वास्थ्य कार्ड जारी किया गया।

डॉ. पुखराज बाफना ने बताया कि ए बच्चे जब तक राजनांदगांव में रहेंगे उनका नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा।

# महासमुंद में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,** 29 जुलाई। 15 अगस्त जिले में समारोह आयोजित कर उत्साहजनक रूप से मनाया जाएगा। कलेक्टर निहारिका बारिक सिंह की अध्यक्षता में आज यहां सभाकक्ष में आयोजित जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की संयुक्त बैठक में आयोजन की रूपरेखा बनाई गई।

मुख्य समारोह इस साल भी शासकीय महाविद्यालय महासमुंद स्थित मिनी स्टेडियम में रखा गया है। मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण कर आयोजित परेड की सलामी लेंगे। समारोह स्थल पर स्कूली बच्चों द्वारा पी.टी. प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियों की आकर्षक मार्च पास्ट होगी। परेड में एस.एफ, पुलिस, होमगार्ड, एन.सी.सी., फॉरेस्ट गार्ड तथा रेडक्रास शामिल होंगे। समारोह स्थल पर अतिथियों और दर्शकों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। स्थल में प्रवेश हेतु खल्लारी तथा सिरपुर गेट बनाए जाएंगे।

कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मैदान समतलीकरण कार्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया गया है। समारोह स्थल पर बेरीकेटिंग, सेक्टर वाईज बैठक व्यवस्था हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सहयोगी के रूप में वनमण्डाधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी होंगे। आमंत्रित व्यक्तियों के स्वागत एवं उनके बैठने की व्यवस्था तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। समारोह के लिए पंडाल एवं कुर्सियों की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा वनमण्डाधिकारी संयुक्त रूप से करेंगे।

# शतरंज स्पर्धा में युगांतर का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव,** 29 जुलाई। युगांतर पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शालेय शतरंज प्रतिस्पर्धा में युगांतर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय शतरंज प्रतिस्पर्धा के लिए अपना स्थान निर्धारित कर लिया है। इस स्पर्धा में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 के छात्र व छात्रा वर्ग में कुल 30 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें युगांतर के 13 विद्यार्थियों शामिल हैं। इनमें अंडर 19 के छात्र वर्ग में मिर्जा जावेद बेग तथा अंडर 17 के छात्र वर्ग में शुभम चन्द्रा, अनिरूद्ध अय्यर व शुभम एस अग्रवाल प्रमुख हैं। अंडर 14 के छात्र वर्ग में सन्नी बग्गा, अमन डाकलिया तथा अंडर 19 के छात्रा वर्ग में रूपांशा खरे प्रमुख हैं। अंडर 17 के छात्रा वर्ग में महिमा डाकलिया, दिव्या अग्रवाल, रश्मित भाटिया तथा अंडर-14 के छात्रा वर्ग में विभा डाकलिया, पलक डागा व नियति पारख प्रमुख हैं। संस्था के प्राचार्य योगेन्द्र सिंह ने प्रबंध समिति के साथ इन विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बृजमोहन के खिलाफ बयानबाजी से बाज आएं: सिंह

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। उत्तर प्रदेश, बिहार युवा वाहिनी के अध्यक्ष अमर सिंह तथा महासचिव मनोज पासवान ने विधायक भजन सिंह निरंकारी से कहा है कि वे स्वयं तथा उनके कागजी समर्थक युवा नेता बृजमोहन सिंह के विरूद्ध बयानबाजी से बाज आयें अन्यथा भविष्य के चुनाव में उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते है। दोनों नेताओं ने आगे कहा कि श्री निरंकारी को यह नहीं भूलना चाहिए कि बृजमोहन सिंह भिलाई के संघर्षशील एवं परिश्रमी नेता हैं, वैशाली नगर चुनाव में 43 हजार लोगों ने उन्हें समर्थन दिया था। उनके चुनाव के समय परिस्थितियां अच्छी नहीं थी अन्यथा उन्हें चुनाव हराना आसान काम नहीं था। उनका आचरण तथा व्यवहार लोकप्रिय जननेता का है। वैशाली नगर उप चुनाव में यदि बृजमोहन सिंह को कांग्रेस पार्टी से दोबारा टिकिट मिलती तब शायद वे 15 हजार से ज्यादा वोटों से विजयी होते।

### अवकाश पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव,** 29 जुलाई। विधानसभा के मानसून सत्र को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## निधन

### महेश मिश्रा

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। वरिष्ठ समाजवादी नेता महेश मिश्रा (65) का पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर-9 में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### कुमार पाणिग्रही

**भिलाई नगर,** 29 जुलाई। उत्कल सांस्कृतिक परिषद के सदस्य सेक्टर-4 निवासी भवानी शंकर पाणिग्रही के 19 वर्षीय पुत्र कुमार पाणिग्रही का निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि पश्चात शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें नरहरि त्रिपाठी, सत्यवान नायक, अशोक पंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया स्वच्छता चेतना रथ

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,** 29 जुलाई। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत प्रस्तावित निर्मल ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को स्वच्छता के सात प्रमुख घटक एवं साफ-सफाई के अभाव में होने वाली बीमारियों के प्रति सजग करने के लिए आज यहां कलेक्टोरेट परिसर से स्वच्छता चेतना रथ एवं कला जत्था रवाना किया गया।

कलेक्टर श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने इस स्वच्छता चेतना रथ को हरी झंडी दिखाते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि स्वच्छता चेतना रथ जिस भी ग्राम पंचायत में पहुंचे वहाँ ग्रामीण, जनाप्रतिनिधि और संबंधित नोडल अधिकारी क्षेत्र के समस्त शासकीय अमले के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

कहा गया है कि जहां भी स्वच्छता चेतना रथ के साथ पहुंचे कला जत्था द्वारा प्रदर्शनी की जाएगी उसके बाद जनप्रतिनिधि अपनी सहभागिता देते हुए स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों को दें जिससे वे प्रेरित हों। साथ ही प्रस्तावित निर्मल ग्राम में लगातार शौचालय का उपयोग करने वाले हितग्राही को अपना अनुभव सुनाने का अवसर दिया जाए। गौरतलब है कि यह स्वच्छता चेतना रथ एवं कला जत्था दल आज महासमुंद के ग्राम पंचायत मोंगरा के लिए रवाना हुआ है जो कि आगामी चार अगस्त तक प्रस्तावित निर्मल ग्रामों का भ्रमण करेगा और लोगों को साफ-सफाई के प्रति सजग करेगा। स्वच्छता चेतना रथ रवाना करते समय वनमण्डाधिकारी एच.एल. रात्रे, अपर कलेक्टर द्वव श्री एस.एल. नायक, श्री श्याम धावड़े, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।